समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# 1 अगस्त से शुरू होगी ELI स्कीम : सैलरी के अलावा 15,000 रुपये देगी सरकार, जानिए कौन कर सकेगा फायदा।

Publisher Published on 11 Jul 2025



**युवाओं को रोजगार प्रोत्साहन देने के लिए सरकार शुरू कर रही एम्प्लॉयमेटं लिंक्ड इंसेटिंव स्कीम, कंपनियों को भी मिलेगा प्रति कर्मचारी 3,000 रुपये का फायदा।**

**ELI स्कीम :** सैलरी के अलावा मिलेगा **15,000 रुपये का इंसेटिंव : 1 अगस्त से लागू होगी नई ELI स्कीम**। सरकार देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए **1 अगस्त 2025** से **एम्प्लॉयमेटं लिंक्ड इंसेटिंव स्कीम** (**ELI Scheme**) शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत पहली बार नौकरी करने वाले युवाओं को 15,000 रुपये का अतिरिक्त इंसेंटिव दिया जाएगा।

सरकार का उद्देश्य इस स्कीम के जरिए युवाओं को रोजगार के लिए प्रेरित करना, **स्किल्ड वर्कफोर्स** तैयार करना और **मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर** को बढ़ावा देना है।

**किन्हे मिलेगा इस स्कीम का फायदा ?**

१. **जो कर्मचारी 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच पहली बार नौकरी ज्वॉइन करेगें।**
२. **सिर्फ वही लोग पात्र होंगे, जिनका पहली बार EPFO (ईपीएफओ) मे खाता खुलेगा।**
३. **एक लाख रुपये मासिक सैलरी तक वालों को मिलेगा फायदा।**
४. **इंसेटिंव की राशि अधिकतम 15,000 रुपये होगी, जो ईपीएफ वेतन के बराबर होगी।**

**कंपनियों को भी मिलेगा फायदा**

१. **कंपनियों को प्रति कर्मचारी 3,000 रुपये तक का इंसेटिंव दिया जाएगा।**
२. **जिन कंपनियों मे 50 से कम कर्मचारी है, उन्हे कम से कम 2 नए लोगों की भर्ती करनी होगी।**

३. **50 से ज्यादा कर्मचारियों वाली कंपनियों को 5 नए कर्मचारियों की नियुक्ति करनी होगी** |
४. **ये कर्मचारी कम से कम 6 महीने तक कंपनी मे कंाम करते रहने चाहिए** |

किसे माना जाएगा पहली नौकरी ?
अगर किसी व्यक्ति का पहली बार **ईपीएफ खाता** खुलता है, तो उसे पहली नौकरी माना जाएगा, भले ही उसने पहले कहीं नौकरी की हो लेकिन पीएफ कटना शुरू नहीं हुआ हो |
**इंसेटिंव की राशि दो किस्तों मे मिलेगी :**
१. **पहली किस्त 6 महीने के बाद**
२. **दूसरी किस्त 12 महीने के बाद, वित्तीय साक्षरता प्रोग्राम पूरा करने के बाद** |

**कंपनी के लिए शर्ते**
१. **कंपनी का EPFO के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है** |
२. **सैलरी के आधार पर इंसेटिंव तय होगा** |
३. **10,000 रुपये तक सैलरी पर समानुपात मे रांशि दी जाएगी** |
४. **20,000 से 1 लाख तक सैलरी पर पूरे 3,000 रुपये मिलेगें** |

**ELI स्कीम की खासियत**
१. **अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं** |
२. **जैसे ही ईपीएफ खाता खुलेगा और लगातार 6 महीने तक पीएफ कटेगा, इंसेटिंव अपने आप खाते मे ट्रांसफर हो जाएगा** |

**ELI स्कीम के लिए 99,446 करोड़ रुपये का बजट**
सरकार ने इस योजना के लिए **99,446 करोड़ रुपये** का बजट तय किया है | इसका उद्देश्य रोजगार के क्षेत्र में मजबूत और संरचित ढांचा तैयार करना है ताकि देश में स्किल्ड युवाओं की संख्या बढ़ सके |

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.